पत्रांक–2प/वि०–17–09/2026/9460/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक–23/06/2026

**विषय :** **दिनांक 28.06.2026 को आयोजित "पंचायत विकास दिवस" कार्यक्रम के संबंध में।**

**प्रसंग :** **विभागीय पत्रांक–8839 दिनांक 10.06.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत के सतत् विकास हेतु प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में "पंचायत विकास दिवस" आयोजित करने का विस्तृत दिशा–निदेश संसूचित है। माह जून, 2026 का कार्यक्रम दिनांक 28.06.2026 को सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जाना है।

उक्त के आलोक में सभी माननीय मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ दिनांक 24.06.2026 को पूर्वा० 11:00 बजे BISWAN के माध्यम से वर्चुअल बैठक की जानी है। सभी माननीय मुखिया एवं पंचायत सचिव प्रखण्ड कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।

अतः अनुरोध है कि दिनांक 24.06.2026 को पूर्वा० 11:00 बजे से आहूत बैठक में भाग लेने हेतु सभी संबंधितों को अवगत कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक से संबंधित सभी तैयारियाँ कार्यपालक पदाधिकारी, पंचायत समिति/प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा की जायेगी।

**विश्वासभाजन**

23/6/26

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक** : 2प / वि०–17–09 / 2026 / 9460 / पं०रा०      पटना, दिनांक 23.06.26

**प्रतिलिपि** : आई०टी० प्रबंधक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/6/26

(नजर हुसैन)
अपर सचिव